(क) संस्कृत के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	उदाहरण
अ	नहीं, अभाव	अखंड, अनाथ, अज्ञान, अधर्म, अनीति, अबोध, अचल
अन्	नहीं, अभाव	अनाचार, अनेक, अनादि, अनादर, अनावश्यक, अनुपस्थित
अति	अधिक	अत्यंत, अत्युत्तम, अत्यधिक, अत्याचार
अधि	ऊपर, समीप, बड़ा	अधिकार, अध्यक्ष, अधिनायक, अधिकारी
अभि	सामने	अभिलाषा, अभिमान, अभियोग
अनु	समान, पीछे	अनुज, अनुकरण, अनुकंपा
अप	बुरा, नीचे	अपमान, अपकार, अपयश
अव	बुरा, नीचे	अवगुण, अवनति, अवतरण
आ	तक, पूर्ण, उल्टा, से लेकर	आगमन, आजन्म, आजीवन, आमरण, आदान, आग्रह
उत्	ऊँचा, श्रेष्ठ	उत्साह, उद्धार, उत्पत्ति, उत्कर्ष, उत्तम, उत्थान
उप	गौण, छोटा, समीप	उपदेश, उपकार, उपवास, उपवाक्य, उपमंत्री, उपनाम
तत्	उसके जैसा	तत्काल, तत्पश्चात्, तत्पर, तदनुसार
दुर्	बुरा, कठिन	दुर्बल, दुर्जन, दुर्दशा, दुर्गम, दुराचार, दुर्गुण
नि	अच्छी तरह	निबंध, निवेदन, निवास, निरोध, निवारण
निर्	निषेध, रहित	निर्मल, निर्मम, निर्दोष, निरपराध
परा	उल्टा, पीछे	पराजय, पराक्रम, पराभव, पराकाष्ठा
परि	सब ओर	परिक्रमा, परिचर्या, परिणाम, परिवर्तन, परिपूर्ण
प्र	आगे, अधिक, ऊपर,	प्रबल, प्रगति, प्रख्यात, प्रचार, प्रसार
प्रति	ओर, विरोध, हर एक	प्रतिकूल, प्रतिध्वनि, प्रतिभागी, प्रत्येक
वि	अलग, उल्टा, विशेषता	वियोग, विभाग, विदेश, विज्ञान
सम्	पूर्णता, अधिकता, समीपता	संपूर्ण, संगम, सम्मान, संचय, संगति, संतोष
स	साथ	सफल, सक्रिय, सपरिवार, सपत्नीक
सु	अच्छा, अधिक, आसान	सुकर्म, सुलभ, सुकुमार, सुपात्र, सुगम
स्व	अपना, निजी	स्वराज, स्वदेश, स्वतंत्र, स्वनाम, स्वार्थ
दुस्	बुरा	दुष्कर्म, दुस्साहस, दुष्चरित्र, दुष्कर
निस्	बिना	निश्छल, निश्चय, निस्संदेह

Scanned with CamScanner

(ख) हिंदी के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	उदाहरण
अध	आधा	अधपका, अधखिला, अधकचरा, अधमरा
अन	अभाव, निषेध	अनपढ़, अनजान, अनहोनी, अनबन, अनमोल
नि	निषेध, रहित	निपूता, निडर, निकम्मा, निहत्था
भर	पूरा	भरपेट, भरसक, भरपूर
अ	अभाव, निषेध	अछूत, अचेत, अथाह, अजान, अकाज
उन	एक कम	उनसठ, उनतीस, उन्नीस
कु	बुरा	कुचाल, कुचैला, कुढंग, कुपुत्र
दु	बुरा, हीन	दुबला, दुकाल, दुगुना

(ग) उर्दू के उपसर्ग

उपसर्ग	अर्थ	उदाहरण
कम	थोड़ा	कमउम्र, कमज़ोर, कमअक्ल
बे	रहित	बेईमान, बेचारा, बेवकूफ़, बेइज़्ज़त, बेखटके
बद	बुरा	बदनाम, बदकिस्मत, बदहज़मी, बद्दुआ, बदतमीज़
ला	अभाव (बिना)	लाइलाज, लावारिस, लापरवाह, लापता, लाजवाब
खुश	अच्छा	खुशबू, खुशखबरी, खुशकिस्मत
ग़ैर	भिन्न	ग़ैर-सरकारी, ग़ैर-ज़िम्मेदारी
हम	साथ, समान	हमदम, हमसफर, हमजोली, हमराज़, हमराही
हर	सभी	हर एक, हर तरफ़, हर साल, हर रोज़
दर	में	दरअसल, दरमियान
ना	नहीं	नापसंद, नासमझ, नालायक, नाचीज़, नाउम्मीद
बा	साथ	बाकायदा, बाइज़्ज़त
सर	मुख्य	सरकार, सरहद, सरदार
ब	अनुसार, के साथ, में	बनाम, बदौलत

Scanned with CamScanner

उपसर्ग	अर्थ	उदाहरण
अधः	नीचे	अधःपतन, अधोगति, अधोमुख
अंतर्	अंदर	अंतरात्मा, अंतर्राष्ट्रीय, अंतर्राज्यीय
अलम्	पर्याप्त	अलंकार, अलंकृत

Scanned with CamScanner

उपसर्ग	अर्थ	उदाहरण
बहिर्	बाहर	बहिर्मुख, बहिर्गमन
पुरस्	आगे	पुरोहित, पुरस्कार
पुनः	फिर	पुनर्जन्म, पुनर्निर्माण, पुनरागमन
पुरा	प्राचीन	पुरातन, पुरातत्व
कु	बुरा	कुपुत्र, कुसमय
तिरस्	बुरा	तिरस्कार, तिरोभाव
स	सहित	सहज, सहर्ष, सपरिवार, सश्रम
सत्	अच्छा	सज्जन, सद्भाव, सदाचार, सत्पुरुष
सह	साथ	सहयोग, सहोदर, सहकारी, सहपाठी
चिर	बहुत देर	चिरस्थायी, चिरकाल, चिरायु
इति	ऐसा	इतिहास, इतिश्री
न	अभाव	नास्ति, नेति, नास्तिक

(ङ) अंग्रेज़ी के कुछ उपसर्ग भी हिंदी भाषा में प्रचलित हैं

उपसर्ग	अर्थ
सब	सब-इंस्पैक्टर, सब-जज
डिप्टी	डिप्टी-कलक्टर
वाइस	वाइस-चांसलर, वाइस-कैप्टिन
असिस्टेंट	असिस्टेंट कलक्टर, असिस्टेंट टीचर
जनरल	जनरल मैनेजर
चीफ़	चीफ़ मिनिस्टर, चीफ़ सेक्रेटरी
हाफ़	हाफ़ पैंट, हाफ़ शर्ट
हैड	हैडमास्टर, हैडक्लर्क

Scanned with CamScanner